प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 10:26 बजे

स्वतंत्रता दिवस

देश आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इससे पहले प्रधानमंत्री आज सुबह राजघाट गए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पाजंलि अर्पित की। देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वो शुभ घडी है कि जब हम देश की आजादी के लिए प्राणों का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर काम किया जा रहा है। संवेदनशीलता की भावना से महिलाओं के मातृत्व अवकाश की संख्या बढाई गई। रक्षा क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं का दम–खम नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत, स्वस्थ भारत भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि और किसानों के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व में हो रहे बदलाव को देखते हुए सरकार स्किल डेवलपमेंट पर पूरा बल दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलते विश्व में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए रूचि बढ रही है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के लिए श्रम शक्ति उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रयास कर रही है कि देशवासियों को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पडे। उन्होंने कहा कि मम भाव और सम भाव के मंत्र पर सरकार काम रही है। प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी में विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए देशवासियों से संकल्प लेने का आहवान भी किया।

स्वतंत्रता दिवस

इधर प्रदेश में 78वें स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समारोह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांगड़ा ज़िला के देहरा में मनाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शिमला के रिज मैदान पर आयोजित होने वाले ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सोलन, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल हमीरपुर, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान लाहौल स्पीति, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी किन्नौर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर चंबा, ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री सिरमौर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मंडी और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा बिलासपुर में ज़िला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस–पूर्व संध्या–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनायें दी हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि कि देश की सेवा में समर्पित रहने वाले हमारे जवान देश की आन–बान और शान हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक हिमाचल को आत्म निर्भर और 2032 तक प्रदेश को समृद्ध राज्य बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों के पेंशन में बढ़ोत्तरी और विभिन्न विभागों में पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित 15 प्रतिशत पदों को प्राथमिकता से भरने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विकास के रास्ते मे आगे बढ़ रहा है और दूसरे पहाड़ी राज्यों के लिए भी उदाहरण बना हुआ है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में बीती रात से वर्षा का क्रम रूक रूककर जारी है। राज्य के कई स्थानों में भू–स्खलन से यातायात बाधित होने का समाचार है। इसके अलावा बिजली, व जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुईं हैं। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों के दौरान प्रदेश में मानसून के सक्रिय बने रहने और मूसलाधार वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है । इस दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों में भारी बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज समाचार पत्रों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है– देहरा में आज स्वतंत्रता दिवस समारोह पर सी.एम. फहरायेंगे तिरंगा–कर्मियों, पैंशनरों के लिए मंहगाई भत्ता व देहरा के लिए कर सकते हैं बड़ी घोषणा। दैनिक जागरण का शीर्षक है' बलिदानी कर्नल मनप्रीत सिंह समेत चार को कीर्ति चक्र।

दैनिक भास्कर और दैनिक सेवरा टाईम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–6 सौ 98 करोड़ 47 लाख रूपये से पर्यटन प्रमोट करेगी सरकार, 11 परियोजनायें शुरू होंगी। हिमाचल दस्तक के अनुसार–पर्यटन क्षेत्र में को बढ़ावा देने के लिए शुरू की जायेंगी– 11 नई परियोजनायें।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है–किडनी मरीजों को 30 नवंबर तक राहत– हिमकेयर योजना में 30 अगस्त के बाद भी निजी अस्पतालों में करवा पायेंगे डायलिसिस।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है– हिमाचल के 9 जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी। आपका फैसला के मुताबिक– हिमाचल प्रदेश में 18 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट–भूस्खलन से 142 सड़कें बंद, 209 बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प।